## मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण अटका



**कोठी @ पत्रिका.** नगर परिषद कोठी कोठी क्षेत्र में बनने वाला एकमात्र मुख्य प्रवेश द्वार निर्माण की धीमी रफ्तार के चलते सवालों के घेरे में है। करीब दो वर्ष पूर्व प्रतिमा बागरी द्वारा इसका शुभारंभ किया गया था, लेकिन तीन माह से स्थल पर केवल लकड़ी का ढांचा ही नजर आ रहा है। सतना-चित्रकूट मार्ग पर रोइनी बायपास तिराहे के पास सड़क डायवर्जन के कारण कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

## गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 मार्च तक

**सतना @ पत्रिका.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से पंजीयन करा लें।

## चना-मसूर का पंजीयन 16 मार्च तक

**सतना @ पत्रिका.** किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मप्र भोपाल द्वारा भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी विपणन वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर फसल का पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च तक किया जाएगा। पंजीयन की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से होगी।

## ठाकुर रणमत सिंह की जयंती 9 मार्च को



**कोठी @ पत्रिका.** मनकहरी ग्राम में 9 मार्च को अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्म जयंती मनाई जाएगी। मनकहरी गढ़ी में बाबा अमर सिंह ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नागौद : यातायात समस्या को देखते उठाया गया कदम

# बाजार में भारी वाहनों को दिनभर नो-एंट्री

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नागौद.** नागौद बाजार क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या एवं लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत शांडिल्य (आईएएस) ने प्रतिबंध लगाया है।

बाजार मार्गों से दिनभर ट्रक, लोडिंग वाहन एवं मालवाहक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आवागमन से जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया है। प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक ट्रक, भारी वाहन, लोडिंग वाहन एवं मालवाहक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का निर्धारित मार्ग सीमा क्षेत्र में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश बसों एवं छोटे वाहनों पर लागू नहीं होगा। ट्रांसपोर्ट एवं माल चढ़ाने-उतारने से जुड़े वाहन भी निषेध अवधि में बिना लिखित अनुमति प्रवेश नहीं कर सकेंगे। शासकीय कार्यों में संलग्न वाहन, पीडीएस सिस्टम, दूध आपूर्ति वाहन, कृषि कार्य में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियां तथा अन्य विभागीय वाहन इस आदेश से मुक्त रहेंगे। विशेष आवश्यकता की स्थिति में संबंधित कार्यालय से लिखित अनुमति प्राप्त कर सीमित समय के लिए प्रवेश दिया जाएगा। बस स्टैंड नागौद जाने वाली सभी बसों को बस स्टैंड परिसर के भीतर ही खड़ा करना अनिवार्य होगा। सिंहपुर चौराहा पर बसें 100 मीटर आगे या पीछे निर्धारित स्थल पर ही सवारी व सामान उतार-चढ़ा सकेंगी, जिसका चिन्हांकन नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। निषेध अवधि में भारी वाहन रामन रमण मैदान नागौद में पार्क किए जा सकेंगे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शोध और नवाचार का संदेश

**मैहर.** शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके गौतम ने की, जबकि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष पांडेय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विज्ञान का महत्व, शोध एवं नवाचार विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. पीएल वर्मा एवं प्रो. अभिषेक जैन ने विद्यार्थियों को विज्ञान की उपयोगिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक अनुसंधान की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. मंजूलता श्रृंगी, डॉ. डीपी प्रजापति, डॉ. गुंजा पवार, डॉ. एसपी रावत, डॉ. सिरसा मंडल, शैलेंद्र साहू एवं डॉ. एके सिन्हा सहित समस्त प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीपी प्रजापति तथा आभार प्रदर्शन डॉ. एसके पांडेय ने किया।



## क्रिकेट टूर्नामेंट: लुधगावा ने पलौंहा हराकर कप पर जमाया कब्जा




**मैहर @ पत्रिका.** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झुकेही में न्यू स्टार क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने विजेता लुधगावा टीम और उपविजेता पलौंहा टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक खेल देखने को मिला। अपने संबोधन में धर्मेश घई ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखती हैं। उन्होंने खेल को अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अमजद खान, मुन्ना रमेश प्रजापति, महेंद्र त्रिपाठी, सरपंच शिवप्रसाद, पूर्व सरपंच सेवालाल यादव आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने सुनी आमजन की समस्याएं



**सतना @ पत्रिका.** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय स्थित जनता दरबार में आम जनता की समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री ने समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आए अधिकारियों द्वारा कराया गया। जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी बने



**नागौद @ पत्रिका.** भारतीय जनता पार्टी जिला सतना की नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ नेता श्रीकृष्ण द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से यह घोषणा की। द्विवेदी पूर्व में ग्राम पंचायत दातुनहा समिति अध्यक्ष, भाजयुमो मंडल महामंत्री व अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष तथा भाजपा मंडल नागौद महामंत्री सहित कई दायित्व निभा चुके हैं।

## शांति समिति बैठक में दिए सख्त निर्देश



**बिरसिंहपुर @ पत्रिका.** आगामी होली, रमजान और बोर्ड परीक्षाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए सभापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक शंखधर द्विवेदी ने की, जिसमें क्षेत्र के सभी डीजे संचालक, ऑपरेटर और साउंड सिस्टम मालिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र रात्रि 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। होली के दौरान अश्लील, फूहड़ अथवा धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले गीत बजाने पर भी सख्त रोक रहेगी।

## श्रीजी गौशाला आश्रम में प्राण-प्रतिष्ठा



**मैहर.** जनपद पंचायत मैहर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन हुआ। समापन दिवस पर दसईंपुर स्थित श्रीजी गौशाला आश्रम में नव निर्मित मंदिर में मां दुर्गा एवं श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा वेद मंत्रोच्चार के साथ की गई। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पंडित रामनिवास उरमलिया, आरके सिंह, संतोष सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विंध्या वैली का वार्षिकोत्सव



**नागौद.** श्यामनगर स्थित विंध्या वैली कन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नागेंद्र सिंह जू देव उपस्थित रहे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशीष कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मैईयादिन कुशवाहा, पूर्व जनपद सदस्य करामत अली, पूर्व सरपंच राजेश गौतम, जन शिक्षक अभिमन्यु आदि लोग रहे।

## रंजना स्कूल में होली



**कोठी.** होली पर्व के पूर्व रंजना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में रंगों का उत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान डायरेक्टर पंकज सिंह, सुदीप, प्रिंसिपल रंजना सिंह ने बच्चों को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।



ओपीडी समय
यादव टावर, सतना (सुबह: 9:30 से 11:30 बजे तक) (शाम: 7:30 से 9:00 बजे तक)
पूजा हॉस्पिटल, सतना (Emergency/Critical Care 24x7) (सुबह: 12:30 से 4:00 बजे तक)
MMT हॉस्पिटल, मैहर (शाम: 4:30 से 6:30 बजे तक)
DR. ARUNESH SINGH
M.D. Medicine Consultant In Neurology/Rheumatology

- बीपी • शुगर • थायरॉइड
- ऑस्टियोआर्थराइटिस
- लकवा (पैरालिसिस) • डिमेंशिया
- सिरदर्द और दर्द प्रबंधन
- चक्कर आना एवं संतुलन विकार
- पार्किंसन रोग
- ईको/डॉप्लर
- पीएफटी (फेफड़ों की कार्यक्षमता परीक्षण)
- ईईजी/ईसीजी/टीएमटी • एक्स-रे
- उन्नत प्रयोगशाला (एडवांस लैबोरेटरी)
- फार्मेसी (दवा की सुविधा)
- डे-केयर सेवाएं • मिर्गी (एपिलप्सी) रोग

संपर्क करें — सतना +917470340556 | मैहर +917389927592

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) | Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है

अंचल: द्वितीय तल, भारतीय स्टेट बैंक के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042
फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836

ई-नीलामी विक्रय सूचना
QR CODE FOR SERVICE PROVIDER

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना दिनांक 18.03.2026 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत बैंक को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि, पंजाब और सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार हमारी शाखा में निम्नलिखित ऋण खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया है, जिन्हें बैंक के बकाया की वसूली के लिए 'जैसा है, जहां है और जैसा है, के आधार पर' बेचने का अधिकार है। बिक्री https://www.Baanknet.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

**अचल संपत्ति का विवरण**

| क्र. सं. | शाखा / खाते / ऋणी / जमानतदारों के नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक एवं बकाया राशि (रु.) +भविष्य में देय ब्याज एवं अन्य खर्च | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | Qr Code For Property Image/video | Qr Code For Property Location |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पन्नीलाल चौक सतना शाखा, ऋणी- श्री मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद जफीर जमानतदार- श्री अंशुल पांडे पुत्र नारायण दत्त पांडे | आवासीय फ्लैट क्रमांक 102, प्रथम तल, ए ब्लॉक सर्वे क्रमांक 116/1, मौजा बम्हनगवां, पीएच क्रमांक 52, बरदाडीह वार्ड क्रमांक 06, सर्किल सतना ब्लॉक सोहावल, तहसील-रघुराजनगर जिला सतना मध्य प्रदेश संपत्ति की चर्तुसीमाएं: पूर्व: श्री जैन का मकान, पश्चिम: कॉमन गैलरी क्षेत्र, उत्तर: फ्लैट क्रमांक 101, दक्षिण: खुला क्षेत्र। कब्जे का प्रकार - सांकेतिक कब्जा | दिनांक :10.07.2024 ₹ 27,15,564.47/- + दि. 01.07.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च | ₹ 31,00,000/- / ₹ 3,10,000/- / ₹ 31,000/- | | |

संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय : 16.02.2026 (सुबह 10.00 से दोपहर 3.00 बजे तक) — ईएमडी एवं दस्तावेज जमा करने की दिनांक 17.03.2026 दोपहर 6.00 बजे तक

बोलीदाताओं द्वारा ईएमडी को ई-नीलामी पोर्टल अर्थात www.Baanknet.com/ पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में एनईएफटी के माध्यम से स्थानांतरित किया जाएगा।
खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है: , खाते का नाम- एनईएफटी पार्किंग खाता; खाता संख्या- 80215040070003; आईएफएस कोड- PSIB0008021
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/sarfaesi-list & https://www.Baanknet.com देखें
इस नोटिस को नियम 8(6) प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), नियम 2002 के तहत ऋणियों एवं जमानतदारों (एल/आर) को 15 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।
प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क : श्री बैंकटेश पाठक मोबाइल नं. + 91 90155 41638

दिनांक : 02.03.2026 — स्थान- सतना — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक




For Complete Lighting Solutions: Visit your nearest Jaquar World or Jaquar Orientation Centre
AUTHORISED DEALERS: Gwalior: KRISHNA ENTERPRISES 9039028561, Indore: JAI BHARAT ELECTRIC COMPANY 9301199468, Jabalpur: SINGHAI BROTHERS 7509812828, Rewa: AMRIT REKHA TRADERS 9669998895 | For more information visit www.jaquar.com
*T&C Apply. #Jaquar Syndicate Research.